राज्यपाल सचिवालय
राजभवन, जयपुर

राजस्थान की कला, शिल्प, संस्कृति पर आधारित डाक विभाग के आवरण जारी

राज्यपाल श्री मिश्र ने जारी किए आठ विशेष डाक आवरण

जयपुर, 18 अगस्त। राज्यपाल श्री कलराज मिश्र ने राजस्थान की कला–संस्कृति पर डाक विभाग द्वारा तैयार आठ विशेष आवरण बुधवार को यहां राजभवन में जारी किए।

राज्यपाल श्री मिश्र ने राजभवन में आयोजित संक्षिप्त कार्यक्रम में डाक विभाग के इन आठ विशेष आवरणों को जारी करते कहा कि राजस्थान की उत्सवधर्मिता, कला, शिल्प और संस्कृति अपने आप में अनूठी है। उन्होंने डाक आवरणों पर इन्हें चित्रों के माध्यम से सहेजने की डाक विभाग की पहल की सराहना की।

उल्लेखनीय है कि ये आवरण राजस्थान के विभिन्न क्षेत्रों के भौगोलिक संकेतकों पर आधारित हैं। इनमें पोकरण क्षेत्र के सुप्रसिद्ध मोलेला क्ले वर्क तथा पोकरण पॉटरी, कोटा डोरिया, प्रतापगढ़ से विकसित थेवा आभूषण कलाकारी, सांगानेरी और बगरू हैण्ड ब्लॉक प्रिण्ट, बीकानेरी भुजिया, मकराना मार्बल, जयपुर की ब्लू पॉटरी तथा राजस्थान की कठपुतलियों को दर्शाया गया है।

राज्यपाल श्री मिश्र को इस अवसर पर रामायण के कथानक एवं राजस्थान की विरासत से जुड़ी डाक टिकटों के फोटो फ्रेम तथा राजस्थान डाक सर्किल द्वारा जारी महत्वपूर्ण स्टाम्प का संग्रहण भी भेंट किया गया।

कार्यक्रम में डाक महानिदेशालय नई दिल्ली के अतिरिक्त महानिदेशक (समन्वय) श्री ए.के. पोद्दार, राजस्थान डाक परिमण्डल के मुख्य पोस्टमास्टर जनरल कर्नल सुशील कुमार, निदेशक डाक सेवाएं (मुख्यालय) जयुपर श्री बी.एल. सोनल एवं प्रवर अधीक्षक डाकघर, जयपुर नगर मण्डल श्रीमती प्रियंका गुप्ता, राज्यपाल के सचिव श्री सुबीर कुमार, प्रमुख विशेषाधिकारी श्री गोविन्द राम जायसवाल उपस्थित रहे।

– – –